सं0 डी-29012/1/2018-आर0एस0
भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
(रेल संरक्षा आयोग)

अशोक मार्ग, लखनऊ-226001
दिनाँक: 17.10.2023

सेवा में,

वि

2
र

विषय: रेल संरक्षा आयोग की वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 प्रकाशित करने हेतु कोटेशन आमंत्रित करने के संबन्ध में।

महोदय,

रेल संरक्षा आयोग की वार्षिक रिपोर्ट **2022-2023** की 75 प्रति हिन्दी, प्रत्येक प्रति लगभग 75 पृष्ठ एवं 75 प्रति अंग्रेजी, प्रत्येक प्रति 75 पृष्ठ की छपाई होना है। इसमें छपाई, बाइडिंग, दो फोटोग्राफ एवं दस रंगीन चित्र 220 ग्राम आर्ट पेपर पर बारह पन्ने पर अलग-अलग एवं कवर पेज की प्रिंटिंग (लैमिनेशन सहित) इत्यादि सभी शामिल हैं। कवर पेज आर्ट पेपर तथा रिपोर्ट 100 जी0एस0एम0 फोटोकॉपी पेपर(ए/4 पेपर) पर तैयार की जायेगी। **हिंदी एवं अंग्रेजी की प्रतियों की दरें अलग-अलग प्रस्तुत की जाए।**

2. पूर्व में प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट का नमूना भी कार्यालय में उपलब्ध है। कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखना है। छपाई जाने वाली तैयार सामग्री कार्यालय में उपलब्ध है एवं इसका अवलोकन किसी भी कार्यदिवस (सोमवार से शुक्रवार) में प्रातः 11.00 बजे से सायं 06.00 बजे के दौरान किया जा सकता है। कोटेशन देने से पूर्व कार्यालय आकर पूर्व में प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट का उपरोक्त निर्देशानुसार अवलोकन कर सकते हैं।

3. वार्षिक रिपोर्ट के प्रकाशन के लिए फोटोकापी/फोटोकापी पेपर/प्रिंटिग एवं बाइंडिग इत्यादि कार्यों के लिए अलग-अलग अथवा समेकित **दरें दिनाँक 27(सत्ताईस) अक्टूबर, 2023 को सांय 03.00 बजे तक** सीलबंद लिफाफे में **"उप रेल संरक्षा आयुक्त(सा0), कार्यालय मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त, अशोक मार्ग, लखनऊ-226001''** के नाम से इस कार्यालय में प्राप्त कराये जाने चाहिए। प्राप्त कोटेशन, **दिनाँक 27 अक्टूबर, 2023 को ही सांय 4.00 बजे, उपायुक्त रेल संरक्षा(सा0) के कक्ष में खोले जायेंगे, जिसमें** प्रकाशकगण भी उपस्थित रह सकते हैं। निर्धारित तारीख एवं समय के उपरान्त प्राप्त होने वाले कोटेशनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

भवदीय,

बलबीर
17/10/2023
(बलबीर सिंह यादव)
उप रेल संरक्षा आयुक्त (सिं एवं दू)
कृते मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त

प्रतिलिपि:
1 सार्वजनिक सूचना हेतु एक प्रति कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा की जाए।
2 आयोग के वेबसाइट www.crs.gov.in पर अपलोड करने हेतु एक प्रति उपलब्ध कराई जाए।

Scanned with OKEN Scanner